भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 05.02.2024

रेलवे भर्ती प्रक्रिया के लिए वार्षिक कैलेंडर जारी

माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे में भर्ती को लेकर बड़ा ऐलान किया है। उनकी इस घोषणा से भर्ती प्रक्रिया में तेजी आएगी तथा निर्धारित केटेगरी के लिए निर्धारित समय सीमा में परीक्षा आयोजित की जा सकेगी जिससे वो सभी कैंडिडेट जो रेलवे भर्ती परीक्षा में हिस्सा लेना चाहते हैं, उनको पूर्व निर्धारित तरीके से परीक्षा के लिए समय रहे और हर वर्ष यह भर्ती परीक्षा आयोजित हो और उन्हें अच्छी ट्रेनिंग मिल सके। इसी सोच के साथ रेलवे की भर्ती परीक्षा के लिए कैलेंडर बनाया गया है।

माननीय रेल मंत्री के अनुसार जितनी भी रेलवे की कैटेगरी है, उनकी वार्षिक रूप से अवधि निर्धारित रहेगी तथा वर्ष में चार बार नोटिफिकेशन जारी होंगे जो हर कैटेगरी के लिए अलग अलग रहेगा, ताकि सभी को समान रूप से इसका अवसर मिल सके। हर वर्ष एग्जाम होने से ओवर एज की समस्या से भी निजात मिलेगी।

वार्षिक कैलेंडर के फायदे अगर कैंडिडेट एक चांस में क्वालीफाई नहीं होते हैं तो उसके लिए आगे और भी संभावनायें रहेगी। उन कैंडिडेट के लिए समान संभावना रहेगी जो हर वर्ष के लिए पात्र है। जो चयनित होते हैं उनके लिए बेहतर कैरियर प्रमोशन की संभावनाएं रहेगी। चयन प्रक्रिया, ट्रेनिंग व नियुक्तियों में तेजी आएगी।

वर्ष 2024 का कैलेंडर **जनवरी से मार्च** असिस्टेंट लोको पायलट, **अप्रैल से जून** टेक्नीशियन, **जुलाई से सितंबर** नॉन टेक्निकल पॉपुलर कैटेगरी अंडर ग्रेजुएट (लेवल 2–3) एवं जूनियर इंजीनियर व पैरामेडिकल केटेगरी, **अक्टूबर से दिसंबर** मिनिस्टिरियल और आइसोलेटेड केटेगरी (लेवल –1) की भर्ती की प्रक्रिया निर्धारित की गयी है।

आरेडिका प्रशासन का अनुरोध है कि जॉब दिलाने वाले रैकेट व दलालों , बिचौलियों से सावधान रहें व किसी भी प्रकार के झाँसे में न आए।

05/2/2024

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी